# मेरे हीरो तुम हो

बच्चे कोविड -19 का सामना कैसे सकते है?



IASC

Inter-Agency Standing Committee

## “मेरे हीरो तुम हो” , के बनने की कहानी

यह किताब अपातकाल  से जुड़ा हुआ मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक समर्थन पर अंतर-एजेंसी स्थायी कमिटि  संदर्भ समूह (IASC MHPSS RG) के द्वारा एक परियोजना है । यह प्रायोजना वैश्विक, क्षेत्रीय और देश स्थित विशेषज्ञ जो IASC MHPSS RG के सदस्य एजेंसियों से आते है, ओर 104 देशों के माता-पिता, देखभाल करने वाले, शिक्षक और बच्चे के समर्थन से किया गया है । कोविड -19 के दौरान बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए एक वैश्विक सर्वेक्षण को अरबी, इटालियन , फ्रेंच और स्पेनिश में वितरित किया गया था। कहानी के माध्यम से संबोधित किए जाने वाले विषयों का एक ढांचा सर्वेक्षण परिणामों का उपयोग करके विकसित किया गया था। कोविड -19 से प्रभावित कई देशों में बच्चों को कहानी के माध्यम से पुस्तक साझा की गई थी। कहानी की समीक्षा और सुझाव देने के लिए बच्चों, माता-पिता और देखभाल करने वालों से प्रतिक्रिया ली गई।

दुनिया भर के 1,700 से अधिक बच्चों, माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षक यह साझा करने के लिए हमारे  साथ समय निकाले कि वे  कोविड -19 महामारी के साथ कैसे मुकाबला कर रहे हैं । हमारे सर्वेक्षणों को पूरा करने और इस कहानी को प्रभावित करने के लिए इन बच्चों, उनके माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को एक बड़ा धन्यवाद। यह कहानी दुनिया भर के बच्चों के लिए बच्चों द्वारा बनायीं गयी है।

IASC MHPSS RG ने कहानी लिखने और इस पुस्तक को चित्रित करने के लिए हेलेन पटक का आभार प्रकट किया। हिन्दी में अनुवाद के लिए टॉन्सलेटर्स विदाउट बौर्डर्स, गीतिका सक्सेना , उर्वशी धमीजा और शिव सुधाकर का आभार प्रकट किया।

©IASC, 2020.  यह प्रकाशन C के तहत प्रकाशित हुआ था |reative Commons Attribution-NonCommercial-ShareAlike 3.0 IGO license (CC BY-NC-SA 3.0 IGO; https://creativecommons.org/licenses/by-nc-sa/3.0/igo). इस लाइसेंस की शर्तों के तहत,  आप गैर-वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए इस कार्य को पुन: पेश, अनुवाद और अनुकूलित कर सकते हैं, बशर्ते कार्य उचित रूप से उद्धृत हो।

# परिचय

“मेरे हीरो तुम हो” एक किताब है जो कोविड -19 महामारी से प्रभावित दुनिया भर के बच्चों के लिए लिखी गई है।

“मेरे हीरो तुम हो” माता-पिता, देखभाल करने वाले या शिक्षक के साथ एक बच्चे या बच्चों के एक छोटे समूह द्वारा पढ़ा जाना चाहिए। माता-पिता, देखभाल करने वाले या शिक्षक के निर्देश के बिना बच्चों को इस पुस्तक को स्वतंत्र रूप से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। “हीरोज के लिए कार्य” (बाद में प्रकाशित होने के लिए) नामक अनुपूरक मार्गदर्शिका कोविड -19 से संबंधित विषयों को संबोधित करने के लिए सहायता प्रदान करती है, जिससे बच्चों की भावनाओं को प्रबंधित करने में मदद मिलती है, साथ ही बच्चों के लिए पूरक गतिविधियाँ भी होती हैं जो पुस्तक के आधार पर बनायीं गयी हैं।

# अनुवाद

संदर्भ समूह खुद अरबी, चीनी फ्रेंच, रूसी
और स्पेनिश में अनुवाद का समन्वय करेगा। IASC संदर्भ समूह से  मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक
समर्थन हेतु (MHPSS) (mhpss.refgroup@gmail.com)  अन्य भाषाओं में अनुवादों के समन्वय के लिए
के लिए संपर्क करें। सभी पूर्ण किए गए अनुवाद IASC संदर्भ समूह की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे।
यदि आप एक अनुवाद या एक अनुकूलन या यह कार्य करते हैं, तो कृपया ध्यान दें कि:
आपको अपने लोगो (या किसी फंडिंग एजेंसी) को उत्पाद में जोड़ने की अनुमति नहीं है।
अनुकूलन के मामले में (यानी, पाठ या छवियों में परिवर्तन), आईएएससी लोगो का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
इस कार्य के किसी भी उपयोग में, कोई सुझाव नहीं होना चाहिए कि IASC
किसी विशिष्ट संगठन, उत्पादों या सेवाओं का समर्थन करता है।
आपको उसी या समकक्ष क्रिएटिव कॉमन्स लाइसेंस के तहत अपने अनुवाद या अनुकूलन का लाइसेंस देना चाहिए
। CC BY-NC-SA 4.0 या 3.0 का सुझाव दिया गया है। यह संगत की सूची है लाइसेंस: https://
creativecommons.org/share-your-work/licensing-considerations/compatible-licenses ।
आपको अनुवाद की भाषा में निम्नलिखित अस्वीकरण जोड़ना चाहिए: यह अनुवाद / अनुकूलन अंतर-एजेंसी स्थायी
समिति (IASC) द्वारा नहीं बनाया गया था। IASC इस अनुवाद / अनुकूलन की सामग्री या सटीकता के लिए ज़िम्मेदार
नहीं है। मूल अंग्रेजी संस्करण “अंतर-एजेंसी स्थायी समिति. मेरे हीरो तुम हो: कैसे बच्चे कोविड -19 से लड़ सकते हैं!
लाइसेंस: CC BY-NC-SA 3.0 IGO बाध्यकारी और प्रामाणिक संस्करण होगा।”





सारा की मम्मी उसकी हीरो है क्योंकि वह सबसे अच्छी मॉ है और दुनिया की सबसे अच्छी वैज्ञानिक भी है । लेकिन सारा की मम्मी भी कोरोना वाइरस के लिए एक इलाज नहीं ढूंढ पायी ।

कोविड -19 कैसा दिखता है? सारा ने  अपनी मम्मी से पूछा।

“कोविड -19, या कोरोना वाइरस, इतना छोटा होता  हैं कि हम उसे नहीं देख सकते, “उसकी माँ ने कहा। “लेकिन यह  फैलता है, बीमार लोगों की खांसी और छींक सेऔर जब वे लोग  अन्य लोगों को या उनके आस-पास की चीजों को छूते हैं। जो लोग बीमार हैं उन्हें बुखार और खाँसी हो जाती है ओर साँस लेने में कठिनाई भी हो सकती हैं ।

“ हम उसे देख नहीं सकते हैं तो क्या हम उससे लड़ भी नहीं सकते हैं?” सारा ने पूछा।

“नहीं, हम उससे लड़ सकते है”, सारा की मम्मी ने कहा। “इसलिए मेरे लिये यह ज़रूरी है कि तुम सुरक्षित रहो,सारा। यह वाइरस बहुत तरह के लोगों को प्रभावित करता है, ओर सब लोग मदद कर सकते हैं, उससे लड़ने के लिए। बच्चे बहुत ख़ास होते हैं ओर वे भी बहुत मदद कर सकते हैं।  तुम्हें हम सभी के लिए स्वस्थ और सुरक्षित रहना है। मैं चाहती हूँ कि तुम मेरी हीरो बनो।”



उस रात, सारा अपने बिस्तर पर सोती रही पर उसका मन किसी हीरो की तरह नहीं लग रहा था । वह विचलित थी । उसे इच्छा थी अपने स्कूल जाने की लेकिन उसका स्कूल बंद था । वह अपने दोस्तों को मिलना चाहती थी लेकिन यह सुरक्षित नहीं था  । सारा चाहती थी की कोरोना वाइरस उसकी दुनिया को डराना बंद करे।

“ हीरो के पास परम शक्ति होती है”। “ मेरे पास क्या है?” वह ख़ुद को बोली ,सोने के लिए आँख बंद करते हुए ।

अचानक एक कोमल आवाज ने अंधेरे में उसका नाम धीरे से लिया ।
“ कौन है?” सारा ने वापस फुसफुसाया ।

“ तुम्हें हीरो बनने के लिए क्या चाहिए, सारा?” आवाज ने उससे पूछा।

“मुझे दुनिया के सभी बच्चों को बताने का एक तरीका चाहिए की वो कैसे खुद को सुरक्षित रखें ताकि वे हर किसी की रक्षा कर सकें”, सारा ने कहा।
“तो तुम मुझ से क्या चाहती हो? “ आवाज़ ने पूछा।

“मुझे कुछ ऐसी चीज़ चाहिए जो उड़ सके... जिसके पास एक ऊँची आवाज़ हो...  और जो मदद कर सके!”

हवा के झोंके के साथ,  एक चमत्कारी
चीज़ ने चाँदनी में कदम रखा...





“ तुम क्या हो ?” सारा हाँफते हुए बोली।

“ मैं एरियो हूँ,” उसने कहा ।

“मैंने कभी कोई एरियो को नहीं देखा,” सारा ने कहा।

“ मैं हमेशा यहाँ था,” वह बोला।
“मैं आपके दिल से आया हूँ” ।

“अगर तुम मेरे पास हो , तो मैं दुनिया में सारे बच्चों को कोरोना वाइरस के बारे में बता सकती हूँ,” सारा ने कहा। “मैं हीरो बन सकती हूं! लेकिन रुको,एरियो, क्या कोरोना वायरस के रहते हुए यात्रा करना ठीक है?”

“ केवल मेरे साथ ही, सारा,” एरियो ने कहा। “जब तक हम साथ हैं तो तुम्हे कोई नुकसान नहीं हो सकता है । ”






इसलिए सारा ने एरियो के पीठ पर छलांग लगाई और एक साथ वे बेडरूम की खिड़की से आसमान की ओर निकल गए। तारों की दिशा में उड़ान भरी और चंद्रमा को हलो कहा।

सूर्य के उगते ही, वे एक खूबसूरत से रगिस्तान मे पहुंचे । वहां पिरामिड थे और बच्चों का एक छोटा समूह खेल रहा था। बच्चे सारा और उसके साथी एरियो को देख कर खुशी से चिल्लाये और हाथ लहराने लगे ।

"आपका स्वागत है, मैं सलेम हूँ!" एक लड़के ने चिल्लाया। "तुम यहाँ क्या कर रहे हो ? माफ़ करना, हम करीब नहीं आ सकते, हमें कम से कम एक मीटर की दूरी पर रहना होगा! "

"यही कारण है कि हम यहाँ हैं!" सारा ने जवाब दिया। "मैं सारा हूँ और यह एरियो है। क्या तुम्हें पता है कि बच्चे अपने पड़ोसियों को ,दोस्तों, माता-पिता नाना - नानी और दादा-दादी को कोरोनो वायरस से सुरक्षित रख सकते हैं? हम सभी को...."

"साबुन और पानी से अपने हाथों को धोना चाहिए!" मुस्कुराते हुए सलेम ने कहा। "हम जानते हैं, सारा। हम अपनी कोहनी में ही खांसते हैं और अगर हम बीमार हैं तो हाथ मिलाने के बजाये दूर से ही हाथ लहराहते हैं। हम घर के अंदर रहने की कोशिश करते हैं...

लेकिन हम एक बहुत भीड़ भरे शहर में रहते हैं ... और हर कोई घर पर नहीं रह रहा है। "


"हम्म... शायद मैं इस मामले में मदद कर सकता हूं," एरियो ने कहा। "वे कोरोना वायरस को नहीं देख सकते, लेकिन ... वे मुझे देख सकते हैं! आओ ! मुझ पर कूद जाओ, लेकिन कृपया मेरे दोनों पंखों के पास बैठना - उन में कम से कम एक मीटर की दूरी है ! "




एरियो सलेम और सारा को दोनों पंखों पर बैठा कर आसमान में उड़ गया। वह शहर के ऊपर से उड़ते हुए दहाड़ने और गाने लगा ! सलेम सड़क पर खड़े बच्चों को देख कर चिल्लाया:

"जाओ, अपने परिवार वालों को बताओ कि हम अंदर ज़्यादा सुरक्षित हैं! हम घर में रह कर एक दूसरे का अच्छी तरह ध्यान रख सकते हैं!"

लोगों ने जो कुछ देखा उससे वे बहुत चकित हो गए । उन्होंने हाथ लहराए और अपने घरों में जाने के लिए सहमत हो गए।





एरियो ने आकाश की तरफ ऊंची उड़ान भरी। सलेम ख़ुशी से चिल्लाने लगा । वहाँ उपर बादलों के बीच एक विमान उड़ रहा था और विमान के यात्री उनकी ओर अचंम्भित हो कर देखने लगे ।

“लोगों को जल्द ही यात्राएं रोकनी पड़ेंगी, कम से कम अभी के लिए,” सलेम ने कहा।
“वे बंद कर रहे हैं देशों के सीमाओं को और हम सबको चाहिए कि हम जहां हैं वहीं रहें और जिन लोगों से हम प्यार करते हैं उनके साथ रहें। ”

“ बहुत सी चीजें बड़ी बदल गयीं हैं,” सारा ने कहा। “मैं इसके बारे में कभी-कभी डर जाती  हूँ ।”

“ जब चीजें बदलती हैं तो डर लग़ता है और परेशानी भी महसूस होती है, सारा,” एरियो ने कहा। “जब मुझे डर लगता है तो मैं बहुत धीरे - धीरे साँस लेता  हूँ - और  ख़ुले  मुँह से आग बाहर निकालता हूँ! ”

एरियो ने एक विशाल आग का गोला उड़ाया!

“जब आपको डर लगता है तो आप कैसे विश्राम करते हैं?” एरियो ने उनसे पूछा।



“मैं किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचना पसंद करती हूं जो मुझे सुरक्षित महसूस कराता है,” सारा ने कहा।

“मैं भी, मैं उन सभी लोगों के बारे में सोचता हूं जो मुझे अपने दादा दादी की तरह सुरक्षित महसूस कराने में मदद करते हैं,” सलेम ने कहा। “मुझे उनकी याद आती है। मैं उन्हें गले नहीं लगा सकता क्योंकि मैं उन्हें कोरोनो वायरस दे सकता हूँ। हम सामान्य रूप से उन्हें हर सप्ताहांत में मिलते हैं, लेकिन आजकल नहीं क्योंकि हमें उन्हें सुरक्षित रखना है। ”

“क्या आप उन से बॊल सकते हैं?” सारा ने अपने दॊस्त से पूछा। “ हाँ, हाँ!” सलेम ने कहा। “वे मुझे हर दिन फोन करते हैं और मैं उन्हें उन सभी चीजों के बारे में बताता हूं जो हम घर पर कर रहे हैं।

ऐसा कर के मुझे अच्छा लग़ता है, और उन्हें भी बेहतर महसूस होता है। ”

एरियो ने कहा, “जिन लोगों से हम प्यार करते हैं और जिनको देख नहीं पाते हैं उन्हें याद करना स्वभाविक है।” “यह दिखाता है कि हम उनका कितना ख्याल रखते हैं। क्या आप लोगों को अन्य हीरों से मिल कर अच्छा लगेगा? ”

“जी, हाँ!” सारा और सलेम ने जोश भरा उत्तर दिया।

“बहुत अच्छा, मेरी दोस्त साशा के पास खास महाशक्ति है,”एरियो ने कहा। “चलो चलते हैं!”





और वो धरती की तरफ़ तेज़ी से गए और एक छोटे से गाँव के पास रुक गए । एक लड़की अपने घर के बाहर फूल चुन रही थी। जब उसने एरियो  को और उसके पंखों पर बैठे बच्चों को देखा, वह हंस पड़ी।

“एरियो!” उसने चिल्लाया। “हमें कम से कम एक मीटर दूर रहना पड़ेगा, इसीलिए मै तुम्हें दूर से गले लगाऊंगी! क्या कर रहे हो यहाँ तुम सब?”

“मुझे तुम्हारा गले लगाना महसूस हुआ जब तुमने ऐसा कहा, साशा,” एरियो बोला। “मुझे बहुत अच्छा लगता है कैसे तुम अपने शब्दों से और अपनी कार्यकुशलता से हमदर्दी प्रकट करती हो । मैं चाहता हूँ कि मेरे दोस्त तुम्हारी महाशक्ति के बारे में जानें”

“मेरी महाशक्ति क्या है?” साशा ने कहा।

“जब से तुम्हारे परिवार में कोई बीमार हुआ है, तुम घर पर ही बैठी हो जिससे की कोरोना वायरस फैल न पाए,” एरियो ने कहा।

“हाँ, वो मेरे पिताजी हैं, और जब तक वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते, तब तक वह अपने बेडरूम में ही रहेंगे”, साशा ने कहा ।



“लेकिन यह इतना बुरा नहीं है!” हम खेल खेलते हैं, खाना बनाते हैं,बगीचे में समय बिताते हैं और एक साथ भोजन करते हैं। मेरे भाई और मैं कसरत करते हैं- पैर की उंगलियों को छूते हैं-और नाचते हैं। हम किताबें पढ़ते हैं और मैं सीखती रहती हूं क्यों कि कभी-कभी मुझे स्कूल की याद आती है। घर पर रहना पहले अजीब लगा, लेकिन अब यह आम बात लगती है। ”

“यह हमेशा आसान नहीं होता है, साशा,” एरियो ने कहा। “तुम मज़ा करने के साथ  साथ  अपने प्रियजन के संग प्यार से रहने के तरीके ढूंढती रहती हो। यह तुम्हे मेरा हीरो बनाता है!”

“क्या आप कभी अपने परिवार से लड़ती हैं?” सलेम ने पूछा।

“हम कभी-कभी लड़ते हैं,” साशा ने कहा। “हमें बहुत धीरज और समझदारी के साथ रहना पड़ता है और तुरंत माफ़ी मांगने की कोशिश  करनी पड़ती है। यह एक वास्तविक महाशक्ति है, जो खुद को और दूसरों को अच्छा महसूस कराती है। मुझे थोड़ा समय अकेले रहने के लिंए भी चाहिए। मुझे नाचना-गाना बहुत पसंद है! और मैं अपने दोस्तों को कभी-कभी फोन भी करती हूं ... “

“लेकिन, एरियो, उन लोगों के बारे में क्या, जो घर से दूर हैं या जिनके घर नहीं है?” सारा ने पूछा।

एरियो ने कहा, “यह एक अच्छा सवाल है, सारा। अच्छा, चलो, पता लगाते हैं।”







और उन्होंने साशा को अलविदा कहा और एक बार फिर निकल पड़े।
समुद्र से घिरे एक द्वीप पर उतरते ही उन्हे हवा गर्म लगने लगी।



वहां उन्होंने लोगों से भरा एक शिविर देखा।
एक लड़की ने उन्हें देखा और दूर से हाथ लहराया।

“हलो एरियो, मैं तुम्हें फिर से देख कर बहुत खुश हूँ!” उसने आवाज़ लगायी। “हम कम से कम एक मीटर दूर रहने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए मैं यहां से आपसे बात करूंगी। लेकिन मैं आपके दोस्तों से मिलना चाहूंगी! मेरा नाम  लीला है!”

“हलो लीला! मैं सारा हूँ, और यह सेलम है,” सारा ने वापस आवाज़ लगायी।“ ऐसा लगता है कि आप खुद को कोरोनो वायरस से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। तुम और क्या कर रही हो?”

“हम अपने हाथ साबुन और पानी से धो रहे हैं।” लीला ने उत्तर दिया।

“क्या आप भी अपनी कोहनी में खांसी करते हैं?” सेलम ने पूछा।

“क्या आप हमें दिखा सकते हैं, कैसे?” लीला ने कहा । तो सेलम ने उसे दिखाया।

“हम सभी बहादुर बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मैं एक बात से चिंतित हूं,” लीला ने कहा। “क्या मैं आपके साथ इसके बारे में बात कर सकती हूँ ?

 मैंने सुना कि कोई बीमार हुआ और मर गया और इसने मुझे बहुत डरा दिया। क्या यह सही है कि लोग कोरोना वायरस से मर भी सकते हैं? ”



एरियो ने एक लम्बी सांस ली और अपने बड़े बड़े कूल्हों पर बैठ गया।

“हाँ, छोटे हीरों, यह अजीब बात है,” एरियो ने कहा। “कुछ लोग बिल्कुल भी बीमारी महसूस नहीं करते हैं, लेकिन कुछ लोग बहुत बीमार हो सकते हैं और कुछ की मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए हम सभी को विशेष रूप से वृद्ध लोगों के साथ, और अन्य बिमारियों वाले लोगों के साथ सावधान रहना होगा, क्योंकि वे अधिक बीमार हो सकते है। कभी-कभी जब हम बहुत डर रहे हों , या असुरक्षित महसूस कर रहे  हों, तो मन  में एक सुरक्षित जगह की कल्पना करने से मदद मिलती है। क्या आप मेरे साथ यह कोशिश करना चाहेंगे? ”

सभी ने “हाँ” कहा, और इसलिए एरियो ने बच्चों को अपनी आँखें बंद करने और एक ऐसी जगह की कल्पना करने को कहा जहाँ वे अपने को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

“एक स्मृति या उस समय पर ध्यान केंद्रित करें जब आपने अपने को सुरक्षित महसूस किया हो,” एरियो ने कहा।

फिर एरियो ने उनसे पूछा कि वे क्या देख सकते हैं,  क्या महसूस कर सकते हैं, और  अपनी सुरक्षित जगह पर क्या सूंघ सकते हैं; क्या वे अपने सुरक्षित स्थान पर किसी को आमंत्रित करना चाहते हैं और उनके साथ  क्या बातें करना चाहते हैं।

“जब भी आप दुख या भय महसूस करें , तो आप अपने सुरक्षित स्थान पर जा सकते हैं,” एरियो ने कहा। “यह आपकी सुपर पावर है । आप इसे अपने दोस्तों और परिवार के साथ साझा कर सकते हैं। और याद रखें कि मुझे आपकी परवाह है, और बहुत से लोग आपकी परवाह करते हैं। इस से आपको मदद मिलेगी।”



लीला ने कहा, “हम एक दूसरे की देखभाल कर सकते हैं।”

“यह सही है, लीला,” एरियो ने कहा। “हम एक दूसरे का ख्याल रख सकते हैं, चाहे हम कहीं भी हों। क्या तुम हमारी आखरी यात्रा पर हमारे साथ चलोगी? ”

लीला ने एरियो और अपने नए दोस्तों के साथ यात्रा करने का फैसला किया। सारा को खुशी हुई कि लीला उनके साथ थी क्योंकि वह जानती थी कि कभी-कभी हमें एक-दूसरे का सहारा देने की ज़रूरत होती है। वे बिना शब्दों के चुपचाप उड़ते रहे, लेकिन लीला को पता था कि उसके नए दोस्त उसकी  बहुत परवाह करते हैं।




बर्फीले पहाड़ धीरे-धीरे देखने में आए, और एरियो एक छोटे से शहर में  उतरा। कुछ बच्चे एक छोटी नदी के पास खेल रहे थे।

“एरियो!” उनमें से एक बच्चा हाथ लहराते हुए चिल्लाया।

“हलो, किम,” एरियो ने कहा। “हर कोई, मैं चाहता हूँ कि आप मेरे कुछ दोस्तों से मिले जिनको कोरोनो वायरस था , और जो ठीक हो गए।”

आपको कैसा लगता था ?” सेलम ने पूछा।

“मुझे खांसी आती थी और कभी-कभी बहुत गर्मी लगती थी। मैं काफी थका हुआ महसूस करता था और कुछ दिनों तक खेलना नहीं चाहता था,” किम ने कहा। “ मैं बहुत सोता था और मेरे परिवार ने मेरी देखभाल की। हम में से कुछ के माता-पिता और दादा-दादी को अस्पताल जाना पड़ा। नर्स और डॉक्टर उनके प्रति बहुत दयालु थे, और हमारे समुदाय के लोगों ने घर पर मदद की। कुछ हफ्तों के बाद, हम ठीक हो गये।”



“मैं किम का दोस्त हूं,” अन्य बच्चों में से एक ने कहा। “सिर्फ इसलिए की किम को कोरोना वायरस था, हमारी दोस्ती खत्म नहीं हुई - भले ही मैं उसे मिल नहीं पाया। मैंने कभी उसके बारे में सोचना बंद नहीं किया और मुझे खुशी है कि हम फिर से एक साथ खेल सकते हैं! “

“कभी-कभी सबसे महत्वपूर्ण बात जो हम दोस्तो के लिए कर सकते हैं, वो है एक दूसरे की रक्षा,” एरियो ने कहा। “भले ही इसका मतलब हो थोड़ी देर के लिए एक दूसरे से दूर रहना।”



लीला ने कहा, “हम ये चीजें एक-दूसरे के लिए कर सकते हैं।”

“और एक दिन,” सेलम ने कहा, “जैसे हम करते थे, हम सभी फिर से खेल सकेंगे और वापस स्कूल जा सकेंगे,”।

अब घर जाने का समय था और सारा ने अपने नए दोस्तों को अलविदा कहा। उन्होंने एक-दूसरे से वादा किया कि वे अपने साहसिक अनुभवों को कभी नहीं भूलेंगे।

सारा को दुःख हुआ कि वे एक दूसरे से कुछ समय के लिए नहीं मिल पाएँगे। लेकिन उसे अच्छा लगा जब उसे याद आया जो किम के दोस्त ने कहा था। सिर्फ इसलिए कि आप लोगों को मिल नहीं देख सकते, इसका मतलब यह नहीं है कि आप उन्हें प्यार करना बंद कर देते हैं।



एरियो ने उन सभी को उनके घरों में वापस छोड़ दिया, और जाने से पहले सारा के सो जाने का इंतजार किया।

“क्या हम कल भी ऐसा कर सकते हैं?” सारा ने उससे पूछा।

“नहीं सारा, अब तुम्हारा परिवार के साथ रहने का समय है,” एरियो ने कहा। “हमारी कहानी याद रखें। आप जिनसे प्यार करते हैं उनको सुरक्षित रख सकते हैं अपने हाथों को धो कर और घर पर रहकर । मैं तुम से कभी दूर नहीं हूँ । तुम हमेशा मुझसे मिल सकती हो अपने सुरक्षित स्थान पर जा कर ।”

“आप मेरे हीरो हैं,” सारा ने धीरे से कहा।

“तुम भी मेरी हीरो हो, सारा। तुम उन सभी के लिए एक हीरो हो जो तुम से प्यार करते हैं,” उसने कहा।



सारा सो गई और जब वह अगले दिन जागी ,
तो एरियो गायब था। इसलिए वह उससे बात करने
के लिए अपने सुरक्षित स्थान पर  गई और फिर
उसने अपनी रोमांचक यात्राओं पर जो कुछ भी देखा
और सीखा था, उसके चित्र बनाये। अपनी माँ को ये
चित्र दिखाने के लिए भाग कर उनके पास गयी ।

"हम सभी लोगों को सुरक्षित रहने में मदद कर सकते
हैं, माँ," उसने कहा। "अपनी यात्राओं पर मैं बहुत सारे
हीरों से मिली!"

" सारा, तुम ठीक कह रही हो!" उसकी मम्मी बोली।
"कई हीरो हैं जो कोरोना वायरस से लोगों को
सुरक्षित रख रहे हैं जैसे अनेक बहादुर डॉक्टर और
नर्स । तुम मुझे याद दिलाती हो कि हम सभी हीरों बन
सकते हैं, हर दिन ।
मेरी सबसे बड़ी हीरो तो तुम हो। "



